Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# हर घर नल, हर घर जल का लक्ष्य 2022 तक होगा पूरा

**उद्देश्य**

## केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल बोले, चुनौतियों के बावजूद शुद्ध पेयजल देने में सफल रही सरकार

**संवाददाता**

देहरादून। केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि वर्ष 2022 तक हर घर तक पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड इस दिशा में काफी तेजी से काम कर रहा है। यहां अभी तक 47 प्रतिशत घरों तक पानी पहुंचाया जा चुका है। लक्ष्य समय से पूरा हो, इसके लिए पेयजल निगम व जल जीवन मिशन से जुड़े कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने और टेंडर प्रक्रिया को जारी रखने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया जाएगा। यह भी कहा जाएगा कि सर्वदलीय बैठक में इस मसले को रखा जाए। उन्होंने कहा कि गांवों को खुले में शौचालय मुक्त की प्लस टू श्रेणी में भी उत्तराखंड का प्रदर्शन काफी अच्छा है।



शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री ने कहा कि देश में इस समय असंभव से दिखने वाले काम समय सीमा के भीतर संभव हो गए हैं। जिन परियोजनाओं पर काम चल रहा है, वे भी समय के साथ पूरी कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त, 2019 में जल जीवन मिशन घोषित हुआ था, उस समय उत्तराखंड में आठ प्रतिशत घरों में नल के जरिये पेयजल आता था। आज यह 47 प्रतिशत पहुंच गया है। इस रफ्तार से 2022 में यहां भी लक्ष्य पूरा हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए केंद्र ने ओडीएफ प्लस टू योजना शुरू की है। इसमें यह लक्ष्य रखा गया है कि ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी, स्कूल, धार्मिक स्थल व बाजार में शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। पंचायत में जो भी कचरा निकलता है, उसका प्रबंधन हो। ग्रे वाटर मैनेजमेंट किया जाए। यह सब होने पर स्वच्छता मिशन को जारी रखते हुए जागरूकता के साइन बोर्ड लगाए जाएंगे और मकान बनाते वक्त शौचालय का निर्माण अनिवार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था अब 20 दिन पहले ही बनाई गई है। उत्तराखंड की लगभग 20 प्रतिशत पंचायत पहले व दूसरे मानक को पूरा करती हैं।

जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के अंतर्गत दूधली पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण कार्य का केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद पटेल के साथ उत्तराखंड के पेयजल मंत्री बिशन सिंह चुफाल, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री उन्होंने कहा की चुनौती के बाद भी हर घर में पीने का पानी पहुंचाना सरकार का उद्देश्य था।

## न्यूज डायरी

### दिव्यांग गोल्ड कप में कुमाऊं इलेवन ने गढ़वाल इलेवन को हराया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड दिव्यांग गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को पहले टी–20 मैच में कुमाऊं दिव्यांग इलेवन ने गढ़वाल दिव्यांग इलेवन को रोमांचक मैच में एक रन से हरा दिया।

शिमला बाईपास स्थित जीएसआर ग्राउंड में टॉस कुमाऊं इलेवन की टीम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 156 रन बनाए। जिसमें दीपक ने 59, दिलीप ने 40, अंशुल ने 20 रन बनाएं। जवाब में गढ़वाल की टीम कुल 155 रन बनाकर आउट हो गई। महज एक रन से मैच हार गई। गढ़वाल इलेवन के लिए विनोद ने सर्वाधिक 75, नरेश ने 21, मोहम्मद सैफ ने 13 रन बनाए। गढ़वाल के लिए सर्वाधिक 3 विकेट गढ़वाल के विनोद खेड़ा ने लिए। कुमाऊं की तरफ से दिलीप ने तीन विकेट लिए। रविवार को दूसरा टी–20 मैच जीएसआर क्रिकेट ग्राउंड में प्रातः 10 बजे से होगा।

### लैब टेक्नीशियन 11 अक्टूबर से करेंगे हड़ताल

**संवाददाता** हल्द्वानी। उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेश के लैब टेक्नीशियन 11 अक्टूबर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर जा रहे हैं। ऐसे में लैब टेक्नीशियन के हड़ताल पर चले जाने से कोरोना जांच के अलावा अन्य मेडिकल जांच प्रभावित हो सकती हैं।

लैब टेक्नीशियन कर्मचारियों का कहना है कि पिछले 20 सालों से लैब टेक्नीशियन के पद पर काम करते आ रहे हैं। वह लोग इसी पद पर काम करते हुए रिटायर हो रहे हैं। लेकिन सरकार द्वारा लैब टेक्नीशियन को पदोन्नति तक नहीं दी जाती है। इस कैडर के ढांचे में कोई बदलाव भी नहीं किया जाता है। इस कारण लैब टेक्नीशियन अपने अधिकारों से वंचित हो रहे हैं।

### एयरटेल ने की प्रमुख ब्रांडों के स्मार्टफोन खरीदने पर 6000 रुपये कैशबैक की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। मेरा पहला स्मार्टफोन' कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भारती एयरटेल ("एयरटेल") ने आज ग्राहकों को बेहतरीन स्मार्टफोन में अपग्रेड करने और अपने हाई स्पीड नेटवर्क पर विश्व स्तरीय डिजिटल अनुभव का आनंद लेने में सक्षम बनाने के लिए एक और अभिनव पहल की घोषणा की। एयरटेल उन ग्राहकों को 6,000 रुपये का आकर्षक कैशबैक देगा जो प्रमुख ब्रांडों से लगभग 12,000 रुपये तक की कीमत वाला नया स्मार्टफोन खरीदेंगे। 150 से अधिक स्मार्टफोन इस पहल का हिस्सा हैं। अभियान में योग्य हैंडसेट स्मार्टफोनों की सूची की अधिक जानकारी के लिए एयरटेल की वेबसाइट पर जाएं। ग्राहक को कैशबैक दो हिस्सों में मिलेगा– पहली किश्त 2000 रुपये 18 महीने बाद और शेष बची हुई धनराशि 4000 रुपये 36 महीने के बाद मिलेगी।

## अमित शाह पहुंचेंगे उत्तराखंड, भाजपा के 20 सूत्रीय एजेंडे पर होगा मंथन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड में विधानसभा चुनाव नजदीक है। इसे लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी है। विधानसभा चुनाव से पहले 16 से 18 अक्टूबर तक तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड में होंगे। यह दौरा चुनाव के लिहाज़ से बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें गृहमंत्री सरकारी कार्यक्रमों में तो भाग लेंगे ही, साथ साथ पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके चुनावी तैयारियों का जायज़ा लेंगे। गृहमंत्री के दौरे से पहले पार्टी ने अपना 20 सूत्रीय कार्यक्रम तैयार किया है। इसको लेकर गृहमंत्री के साथ गहन मंथन किया जाएगा और रोडमैप तैयार किया जाएगा।

उत्तराखंड चुनाव से पहले गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर पार्टी लगातार तैयारियां कर रही है। गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले बीजेपी ने उत्तराखंड में संगठन को मज़बूत करने के लिए 20 सूत्रीय कार्यक्रम तैयार किया है। इन कार्यक्रमों को चरणबद्ध तरीके से नवंबर तक पूरा किया जाएगा।

गृहमंत्री उत्तराखंड दौरे पर इसकी रूपरेखा की समीक्षा कर पार्टी पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा जाएगा। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत बीजेपी उत्तर प्रदेश की तर्ज़ पर उत्तराखंड में जातीय व प्रबुद्ध सम्मेलनों का आयोजन करेगी। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से लाभान्वितों का लाभार्थी सम्मेलन करेगी। इन कार्यक्रमों के अलावा अमित शाह उत्तराखंड दौरे पर कई साधु संतों से भी मुलाक़ात करेंगे।



## महामंत्री के साथ मारपीट करने के आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**संवाददाता** पुरोला। नगर व्यापार मंडल पुरोला के महामंत्री के साथ मारपीट करने के आरोपी के खिलाफ राजस्व पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने जा रहे है। व्यापारियों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन भी भेजा है। ज्ञापन में नगर के राजस्व क्षेत्र कुमोला रोड़,नागराज मंदिर, खेल मैदान को रेग्युलर पुलिस में शामिल करने की मांग की गई है। नगर व्यापार मंडल के महामंत्री अंकित पंवार ने राजस्व पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत शुक्रवार शाम वे अपनी दुकान बंद करने के बाद सब्जी लेने जा रहे थे कि कुमोला रोड़ के पास मखना गांव निवासी राहुल ने पीछे से उनके सिर पर रिवाल्वर की बट से हमला कर दिया जिससे वे घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने राहुल को तत्काल अपनी कस्टडी में ले लिया था लेकिन मामला राजस्व पुलिस का होने के कारण मामला दर्ज नही किया गया। शनिवार सुबह व्यापारियों ने इस मामले को लेकर यहां सांकेतिक चक्काजाम भी किया।

## कांग्रेस के उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव पहुंचे जौलीग्रांट

**संवाददाता** ऋषिकेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव शनिवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह यहां बूथ स्तर कार्यकर्त्ताओं और सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों के साथ संवाद करेंगे।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव, उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को उत्तराखंड पहुंचे। जौलीग्रांट देहरादून



एयरपोर्ट पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल प्रदेश, महासचिव राजपाल खरोला, जिलाध्यक्ष गौरव सिंह चौधरी, एआईसीसी सदस्य जयेंद्र रमोला, कांग्रेस नेता मोहित उनियाल आदि ने उनका स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव बूथ स्तर के कार्यकर्त्ताओं एंव उत्तराखंड सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों के साथ संगठन और चुनाव के संबंध में चर्चा करेंगे।

विधानसभा चुनाव को देखते हुए भावी रणनीति और अन्य कार्यक्रमों की तैयारी पर प्रदेश के नेताओं और पदाधिकारियों के साथ भी चर्चा करेंगे।

## अपराध बढ़ने की आशंका को देखते हुए रात्रि गस्त बढ़ाने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। सर्दी के मौसम में अपराध बढ़ने की आशंका को देखते हुए एसएसपी ने रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस लाइन में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी जन्मेजय खंडूरी ने एसपी व सीओ को निर्देशित किया कि रात्रि गश्त ड्यूटी को प्रत्येक दिन ब्रीफ किया जाए। कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए एसएसपी ने एक वर्ष से अधिक अवधि से लंबित विवेचनाओं के लंबित रहने के कारणों के संबंध में जानकारी हासिल की। साथ ही उनके निस्तारण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश किए। नशीले पदार्थों की रोकथाम व उनकी तस्करी में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने व इसमें लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।